राज्य स्तरीय विशेषज्ञ मूल्यांकन समिति, छत्तीसगढ़

भारत सरकार

पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय

पर्यावास भवन, सेक्टर–19, नवा रायपुर अटल नगर, जिला–रायपुर (छ.ग.)

ई–मेल : seaccg@gmail.com

विषयः– **राज्य स्तरीय विशेषज्ञ मूल्यांकन समिति (एस.ई.ए.सी.), छत्तीसगढ़ की दिनांक 20/12/2023 को संपन्न 503वीं बैठक का कार्यवाही विवरण**

——00——

राज्य स्तरीय विशेषज्ञ मूल्यांकन समिति (एस.ई.ए.सी.), छत्तीसगढ़ की 503वीं बैठक दिनांक 20/12/2023 को डॉ. बी.पी. नोन्हारे, अध्यक्ष, राज्य स्तरीय विशेषज्ञ मूल्यांकन समिति की अध्यक्षता में संपन्न हुई। बैठक में समिति के निम्नलिखित सदस्यों ने भाग लियाः–

1. डॉ. शैलेश कुमार जाधव, सदस्य, राज्य स्तरीय विशेषज्ञ मूल्यांकन समिति
2. श्री एन.के. चन्द्राकर, सदस्य, राज्य स्तरीय विशेषज्ञ मूल्यांकन समिति
3. श्री किशन सिंह ध्रुव, सदस्य, राज्य स्तरीय विशेषज्ञ मूल्यांकन समिति
4. डॉ. मनोज कुमार चोपकर, सदस्य, राज्य स्तरीय विशेषज्ञ मूल्यांकन समिति
5. श्री डी. राहुल वेंकट, सदस्य सचिव, राज्य स्तरीय विशेषज्ञ मूल्यांकन समिति

समिति द्वारा एजेण्डा में सम्मिलित विषयों पर निम्नानुसार विचार किया गयाः–

एजेन्डा आयटम क्रमांक–1: **500वीं, 501वीं एवं 502वीं बैठक क्रमशः दिनांक 11/12/2023, 12/12/2023 एवं 13/12/2023 के कार्यवाही विवरण के अनुमोदन के संबंध में।**

राज्य स्तरीय विशेषज्ञ मूल्यांकन समिति (एस.ई.ए.सी.), छत्तीसगढ़ की 500वीं, 501वीं एवं 502वीं बैठक क्रमशः दिनांक 11/12/2023, 12/12/2023 एवं 13/12/2023 को संपन्न हुई थी। समिति को अवगत कराया गया कि बैठक का कार्यवाही विवरण तैयार किया जा रहा है, जिसे समिति के समक्ष शीघ्र प्रस्तुत किया जाएगा। उक्त स्थिति से समिति सहमत हुई।

एजेन्डा आयटम क्रमांक–2: **गौण/मुख्य खनिजों संबंधी प्रकरणों के प्रस्तुतीकरण उपरांत पर्यावरणीय स्वीकृति / टीओआर/अन्य आवश्यक निर्णय लिया जाना।**

1. **मेसर्स बहेसर क्ले (माईनर मिनरल्स) (प्रो.– श्री उमेश कुमार भावनानी), ग्राम–बहेसर, तहसील व जिला–रायपुर (सचिवालय का नस्ती क्रमांक 2691)**

भारत सरकार के पर्यावरण, वन एवं जलवायु मंत्रालय, नई दिल्ली द्वारा ऑफिस मेमोरेण्डम दिनांक 28/04/2023 जारी किया गया है, जिसके पैरा 4 में निम्न प्रावधान हैः–

"The matter has been examined in the Ministry and accordingly it has been decided that all valid ECs issued by DEIAA shall be reappraised through SEAC/SEIAA in compliance to the order of the Hon'ble NGT in O.A.142 of 2022. In view of above, it is hereby directed that all concerned SEACs shall re-appraise the ECs issued by DEIAAs between 15.01.2016 and 13.09.2018 (including both dates) and all fresh ECs in this regard shall be granted only by SEIAAs based on such appraisal. The exercise shall be completed within a time period of one year from the date of issue of this OM. DEIAAs shall transfer all such files where ECs have been granted to concerned SEIAA within a time period of one month from issue of this OM."

उक्त ऑफिस मेमोरेण्डम के तहत् परियोजना प्रस्तावक द्वारा जिला स्तरीय पर्यावरण समाघात निर्धारण प्राधिकरण से जारी पर्यावरणीय स्वीकृति के पुनः अनुशंसा (re-appraisal) हेतु एस.ई.ए.सी., छत्तीसगढ़ के समक्ष ऑनलाईन आवेदन किया गया है।

विषय वस्तु	आवेदित प्रकरण से संबंधित विवरण	समिति द्वारा नोट किया गया कि
ऑनलाईन आवेदन	टी.ओ.आर. – 443421 एवं 07/10/2023	
खदान का प्रकार	मिट्टी (गौण खनिज) खदान	संचालित
क्षेत्रफल एवं क्षमता	1.786 हेक्टेयर एवं 2,000 घनमीटर प्रतिवर्ष	कच्चा ईंट 20,00,000 नग प्रतिवर्ष
खसरा क्रमांक	116, 117/1, 117/2, 118/1, 118/2 एवं 119/1	
भू–स्वामित्व	निजी भूमि श्री उमेश कुमार भावनानी	आवेदक
बैठक का विवरण	503वीं बैठक दिनांक 20/12/2023	प्रस्तुतीकरण हेतु सूचना दिनांक 15/12/2023
प्रस्तुतीकरण हेतु उपस्थित प्रतिनिधि		श्री सुरेश भावनानी, अधिकृत प्रतिनिधि उपस्थित हुये। अधिकृत प्रतिनिधि का सहमति पत्र प्रस्तुत किया गया है।
पूर्व में जारी ई.सी.	खदान का प्रकार – मिट्टी खसरा क्रमांक – 116, 117/1, 117/2, 118/1, 118/2 एवं 119/1 क्षेत्रफल – 1.786 हेक्टेयर क्षमता – 2,000 घनमीटर/वर्ष एवं ईट उत्पादन क्षमता–20,00,000 नग/वर्ष दिनांक – 09/09/2016	डी.ई.आई.ए.ए., जिला–रायपुर पर्यावरणीय स्वीकृति की वैधता दिनांक 07/10/2034 तक है।
पूर्व में जारी ई.सी. का पालन प्रतिवेदन	स्व–प्रमाणित – हाँ	पूर्व में जारी पर्यावरणीय स्वीकृति के शर्तों के अनुरूप वर्तमान में 200 नग पौधों का वृक्षारोपण कर (पौधों में संख्यांकन (Numbering) एवं नाम) फोटोग्राफ्स सहित जानकारी प्रस्तुत किया गया है।
विगत वर्षो में किये गये उत्खनन	दिनांक – 27/10/2023 वर्ष 2016–17 में निरंक वर्ष 2017–18 में 1,000 घनमीटर वर्ष 2018–19 में 330 घनमीटर वर्ष 2019–20 में 560 घनमीटर वर्ष 2020–21 में 396 घनमीटर	

	वर्ष 2021–22 में 650 घनमीटर वर्ष 2022–23 में 817 घनमीटर	
ग्राम पंचायत एन.ओ.सी.	ग्राम पंचायत सोण्ड्रा दिनांक 22/07/2004 10 वर्ष हेतु वैध थी	ग्राम पंचायत के अनापत्ति प्रमाण पत्र की अद्यतन प्रति प्रस्तुत किया जाना आवश्यक है।
उत्खनन योजना अनुमोदन	दिनांक 03/03/2016	
500 मीटर	दिनांक 26/10/2023	कुल 7 खदानें, 14.649 हेक्टेयर है।
200 मीटर	दिनांक 26/10/2023	200 मीटर के भीतर नाली (मौके पर नहीं) एवं खारून नदी स्थित है।
लीज डीड	लीज धारक – श्री उमेश भावनानी अवधि–08/10/2004 से 07/10/2034	
वन विभाग एन.ओ.सी.	दिनांक 27/10/2023 द्वारा कार्यालय वनमण्डलाधिकारी को आवेदन किया जाना बताया गया है।	आवेदित क्षेत्र की निकटतम वन क्षेत्र से दूरी का उल्लेख करते हुए कार्यालय वनमण्डलाधिकारी से जारी अनापत्ति प्रमाण पत्र की प्रति प्रस्तुत किया जाना आवश्यक है।
महत्वपूर्ण संरचनाओं की दूरी	आबादी – बहेसर 1 कि.मी. स्कूल – बहेसर 1 कि.मी. अस्पताल – बहेसर 1 कि.मी.	खारून नदी – 100 मीटर
पारिस्थितिकीय/ जैवविविधता संवेदनशील क्षेत्र	5 कि.मी. की परिधि में अंतर्राज्जीय सीमा, राष्ट्रीय उद्यान, अभयारण्य, केन्द्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड द्वारा घोषित क्रिटिकली पॉल्युटेड एरिया, पारिस्थितिकीय संवेदनशील क्षेत्र या घोषित जैवविविधता क्षेत्र स्थित नहीं है।	
खनन संपदा एवं खनन का विवरण	उत्खनन विधि – ओपन कास्ट मैनुअल **रिर्जव्स** – जियोलॉजिकल 32,200 घनमीटर माईनेबल 28,720 घनमीटर प्रस्तावित गहराई 2 मीटर बेंच की ऊंचाई 1 मीटर बेंच की चौड़ाई 1 मीटर संभावित आयु 14.36 वर्ष मिट्टी के साथ उपयोग हेतु फ्लाई ऐश का प्रतिशत – 50%	**वर्षवार प्रस्तावित उत्खनन** प्रथम 2,000 घनमीटर द्वितीय 2,000 घनमीटर तृतीय 2,000 घनमीटर चतुर्थ 2,000 घनमीटर पंचम 2,000 घनमीटर षष्टम 2,000 घनमीटर सप्तम 2,000 घनमीटर अष्टम 2,000 घनमीटर नवम 2,000 घनमीटर दशम 2,000 घनमीटर
उत्खनन के लिए प्रतिबंधित क्षेत्र	लीज के 1 मीटर चौड़ी सीमा पट्टी का क्षेत्रफल – 870 वर्गमीटर	उत्खनित – नहीं।
लीज क्षेत्र के भीतर भठ्ठा स्थापित	नहीं	चिमनी नहीं है।
जल आपूर्ति	मात्रा – 7.04 घनमीटर स्त्रोत – बोरवेल	सेन्ट्रल ग्राउण्ड वाटर अथॉरिटी से एन.ओ.सी. प्राप्त है।

वृक्षारोपण कार्य	लीज क्षेत्र के 1 मीटर के चारों ओर वृक्षारोपण – 824 नग किया जाना है।	वर्तमान वृक्षारोपण – 200 नग शेष प्रस्तावित वृक्षारोपण – 624 नग
श्रेणी	बी1	आवेदित खदान को मिलाकर कुल क्षेत्रफल 16.435 हेक्टेयर है।

1. माननीय एन.जी.टी., प्रिंसिपल बेंच, नई दिल्ली द्वारा सत्येंद्र पाण्डेय विरूद्ध भारत सरकार, पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय, नई दिल्ली एवं अन्य (ओरिजनल एप्लिकेशन नं. 186 ऑफ 2016 एवं अन्य) में दिनांक 13/09/2018 को पारित आदेश में मुख्य रुप से निम्नानुसार निर्देशित किया गया है:–

a) Providing for EIA, EMP and therefore, Public consultation for all areas from 5 to 25 ha. falling under category B-2 at par with category B-1 by SEAC / SEIAA as well as for cluster situation where ever it is not provided.

b) If a cluster or an individual lease size exceed 5 ha. EIA / EMP be made applicable in the process of grant of prior environment clearance.

समिति द्वारा विचार विमर्श उपरांत सर्वसम्मति से प्रकरण 'बी1' केटेगरी का होने के कारण भारत सरकार, पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय द्वारा अप्रैल, 2015 में प्रकाशित स्टैण्डर्ड टर्म्स ऑफ रिफरेंस (टीओआर) फॉर ई.आई.ए./ई.एम.पी. रिपोर्ट फॉर प्रोजेक्ट्स/एक्टीविटीज रिक्वायरिंग इन्वायरमेंट क्लीयरेंस अण्डर ई.आई.ए. नोटिफिकेशन, 2006 में वर्णित श्रेणी 1(ए) का स्टैण्डर्ड टीओआर (लोक सुनवाई सहित) नॉन कोल माईनिंग प्रोजेक्ट्स हेतु निम्न अतिरिक्त टीओआर के साथ जारी किये जाने की अनुशंसा की गई:–

i. Project proponent shall inform SEIAA & S.E.A.C. Chhattisgarh before commencement of Baseline Data Generation and start of monitoring work for preparation of EIA Study Report.

ii. Project proponent shall submit the Individual Environment Management Plan and Common Environment Management Plan.

iii. Project proponent shall submit the updated copy of gram panchayat NOC.

iv. Project proponent shall submit the details of monitoring equipments alongwith its specification. Project proponent shall monitor as per the Methodology issued by MoEF&CC.

v. Project proponent shall submit details that in which kilns the raw bricks will be used to convert them into usable form like pukka bricks (by heating and making baked bricks) and whether those kilns have already got environmental clearance or not? submit the copy of the same.

vi. Project proponent shall submit an affidavit for commitment to the public (Objections/suggestions raised by public) during Public Hearing.

vii. Project proponent shall submit the NOC from (DFO) forest department mentioning distance between mine lease boundary to forest boundary.

viii. Project proponent shall ensure that mining lease area to be demarcated by erection of boundary pillars at all corner and area to be fenced.

ix. Project proponent shall submit an affidavit stating that no harm, no damage and no contamination shall be committed to nearby water bodies.

x. Project proponent shall undertake plantation during the monsoon & incorporate in the EIA report.

xi. EIA study shall be done at minimum 8 no. of stations for data collection considering the pre-dominant wind direction.

xii. Project proponent shall submit the copy of panchnama and photographs of every monitoring station.

xiii. Project proponent shall submit a Cumulative Environment Impact Assessment Study (Air, Water, Noise, Soil, Traffic etc) of the mines located in the nearby area and Ecology of the buffer zone of study area and shall incorporate the same in the EIA report.

xiv. The project proponent shall submit an undertaking that there is no court case pending relating to this project before any Court of Law in India.

xv. The project proponent shall submit an undertaking in the form of an affidavit stating that there is no violation of Notification S.O. 804(E) dated 14/03/2017 issued by Ministry of Environment, Forest and Climate Change, Government of India and the direction given by Hon'ble Supreme Court of India in the matter of Common Cause vs Union of India order dated 02.08.2017.

xvi. Project proponent shall undertake plantation (as far as possible tree bearing species) within the mining lease area as per guidelines issued from time to time and particularly in the 1 meter safety zone area of minimum 05 feet height and shall maintain minimum 90% survival rate. The plantation shall be maintained by project proponent for atleast 5 years. Project proponent shall submit half yearly reports regarding compliance to the Authority. The details to be submitted alongwith Geotag photographs in the EIA report.

xvii. Project proponent shall submit the details of plantation undertaken during the current year & shall submit the DPR (Detailed Project Report) of proposed plantation incorporating the plant cost, fertilizer cost, irrigation cost, maintenance cost for atleast 5 years and the details alongwith photographs in the EIA report.

xviii. Project proponent shall submit DPR (Detailed Project Report) of CER proposals with details of works alongwith their estimates including land cost and incorporating the plant cost, fertilizer cost, irrigation cost and maintenance cost for atleast 5 years & incorporate in the EIA report.

राज्य स्तरीय पर्यावरण प्रभाव आकलन प्राधिकरण (एस.ई.आई.ए.ए.), छत्तीसगढ़ को तदानुसार सूचित किया जाए।

2. मेसर्स बहेसर क्ले (माईनर मिनरल्स) (प्रो.– श्री उमेश कुमार भावनानी), ग्राम–बहेसर, तहसील व जिला–रायपुर (सचिवालय का नस्ती क्रमांक 2692)

भारत सरकार के पर्यावरण, वन एवं जलवायु मंत्रालय, नई दिल्ली द्वारा ऑफिस मेमोरेण्डम दिनांक 28/04/2023 जारी किया गया है, जिसके पैरा 4 में निम्न प्रावधान है:–

"The matter has been examined in the Ministry and accordingly it has been decided that all valid ECs issued by DEIAA shall be reappraised through SEAC/SEIAA in compliance to the order of the Hon'ble NGT in O.A.142 of 2022. In view of above, it is hereby directed that all concerned SEACs shall re-appraise

the ECs issued by DEIAAs between 15.01.2016 and 13.09.2018 (including both dates) and all fresh ECs in this regard shall be granted only by SEIAAs based on such appraisal. The exercise shall be completed within a time period of one year from the date of issue of this OM. DEIAAs shall transfer all such files where ECs have been granted to concerned SEIAA within a time period of one month from issue of this OM."

उक्त ऑफिस मेमोरेण्डम के तहत् परियोजना प्रस्तावक द्वारा जिला स्तरीय पर्यावरण समाघात निर्धारण प्राधिकरण से जारी पर्यावरणीय स्वीकृति के पुनः अनुशंसा (re-appraisal) हेतु एस.ई.ए.सी., छत्तीसगढ़ के समक्ष ऑनलाईन आवेदन किया गया है।

विषय वस्तु	आवेदित प्रकरण से संबंधित विवरण	समिति द्वारा नोट किया गया कि
ऑनलाईन आवेदन	टी.ओ.आर. – 444451 एवं 07/10/2023	
खदान का प्रकार	मिट्टी (गौण खनिज) खदान	संचालित
क्षेत्रफल एवं क्षमता	2.159 हेक्टेयर एवं 3,000 घनमीटर प्रतिवर्ष	30,00,000 नग प्रतिवर्ष
खसरा क्रमांक	पार्ट ऑफ 97 एवं 102	
भू–स्वामित्व	निजी भूमि श्री उमेश कुमार भावनानी	आवेदक
बैठक का विवरण	503वीं बैठक दिनांक 20/12/2023	प्रस्तुतीकरण हेतु सूचना दिनांक 15/12/2023
प्रस्तुतीकरण हेतु उपस्थित प्रतिनिधि		श्री सुरेश भावनानी, अधिकृत प्रतिनिधि उपस्थित हुये। अधिकृत प्रतिनिधि का सहमति पत्र प्रस्तुत किया गया है।
पूर्व में जारी ई.सी.	खदान का प्रकार – मिट्टी खसरा क्रमांक – 97 एवं 102 क्षेत्रफल – 2.159 हेक्टेयर क्षमता – 3,000 घनमीटर/वर्ष एवं ईट उत्पादन क्षमता – 30,00,000 नग प्रतिवर्ष दिनांक – 09/09/2016	डी.ई.आई.ए.ए., जिला–रायपुर पर्यावरणीय स्वीकृति की वैधता दिनांक 07/10/2034 तक है।
पूर्व में जारी ई.सी. का पालन प्रतिवेदन	स्व–प्रमाणित – हां	पूर्व में जारी पर्यावरणीय स्वीकृति के शर्तो के अनुरूप वर्तमान में 150 नग पौधों का वृक्षारोपण कर (पौधों में संख्यांकन (Numbering) एवं नाम) फोटोग्राफ्स सहित जानकारी प्रस्तुत किया गया है।
विगत वर्षो में किये गये उत्खनन	दिनांक – 27/10/2023 वर्ष 2016–17 में निरंक वर्ष 2017–18 में 1,220 घनमीटर वर्ष 2018–19 में 350 घनमीटर वर्ष 2019–20 में 580 घनमीटर वर्ष 2020–21 में 464 घनमीटर वर्ष 2021–22 में 554 घनमीटर वर्ष 2022–23 में 814 घनमीटर	
ग्राम पंचायत एन.ओ.सी.	ग्राम पंचायत सोण्ड्रा दिनांक 22/07/2004 10 वर्ष हेतु वैध थी।	ग्राम पंचायत के अनापत्ति प्रमाण पत्र की अद्यतन प्रति प्रस्तुत किया जाना आवश्यक है।

उत्खनन योजना अनुमोदन	दिनांक 03/03/2016	
500 मीटर	दिनांक 28/10/2023	कुल 7 खदानें, रकबा 14.276 हेक्टेयर है।
200 मीटर	दिनांक 28/10/2023	200 मीटर के भीतर धरसा मार्ग एवं खारून नदी स्थित है।
लीज डीड	लीज धारक – श्री उमेश भावनानी अवधि–08/10/2004 से 07/10/2034	
वन विभाग एन.ओ.सी.	दिनांक 27/10/2023 द्वारा कार्यालय वनमण्डलाधिकारी को आवेदन किया जाना बताया गया है।	आवेदित क्षेत्र की निकटतम वन क्षेत्र से दूरी का उल्लेख करते हुए कार्यालय वनमण्डलाधिकारी से जारी अनापत्ति प्रमाण पत्र की प्रति प्रस्तुत किया जाना आवश्यक है।
महत्वपूर्ण संरचनाओं की दूरी	आबादी – बहेसर 1 कि.मी. स्कूल – बहेसर 1 कि.मी. अस्पताल – बहेसर 1 कि.मी.	खारून नदी – 125 मीटर
पारिस्थितिकीय/ जैवविविधता संवेदनशील क्षेत्र	5 कि.मी. की परिधि में अंतर्राज्जीय सीमा, राष्ट्रीय उद्यान, अभयारण्य, केन्द्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड द्वारा घोषित क्रिटिकली पॉल्युटेड एरिया, पारिस्थितिकीय संवेदनशील क्षेत्र या घोषित जैवविविधता क्षेत्र स्थित नहीं है।	
खनन संपदा एवं खनन का विवरण	उत्खनन विधि – ओपन कास्ट मैनुअल **रिर्जव्स** – जियोलॉजिकल 36,380 घनमीटर माईनेबल 29,700 घनमीटर प्रस्तावित गहराई 2 मीटर बेंच की ऊंचाई 1 मीटर बेंच की चौड़ाई 1 मीटर संभावित आयु 9.9 वर्ष मिट्टी के साथ उपयोग हेतु फ्लाई ऐश का प्रतिशत – 50% एक लाख ईंट निर्माण हेतु आवश्यक कोयला की मात्रा – 10 टन	**वर्षवार प्रस्तावित उत्खनन** प्रथम 3,000 घनमीटर द्वितीय 3,000 घनमीटर तृतीय 3,000 घनमीटर चतुर्थ 3,000 घनमीटर पंचम 3,000 घनमीटर षष्टम 3,000 घनमीटर सप्तम 3,000 घनमीटर अष्टम 3,000 घनमीटर नवम 3,000 घनमीटर दशम 3,000 घनमीटर
उत्खनन के लिए प्रतिबंधित क्षेत्र	लीज के 1 मीटर चौड़ी सीमा पट्टी का क्षेत्रफल – 870 वर्गमीटर	उत्खनित – हाँ माईनिंग प्लान में उल्लेख – हाँ
लीज क्षेत्र के भीतर भठ्ठा स्थापित	हाँ, क्षेत्रफल– 1,600 वर्गमीटर फिक्स चिमनी की न्यूनतम ऊंचाई – 33 मीटर	
जल आपूर्ति	मात्रा – 7.04 घनमीटर स्त्रोत – बोरवेल	सेन्ट्रल ग्राउण्ड वाटर अथॉरिटी से एन.ओ.सी. प्राप्त है।
वृक्षारोपण कार्य	लीज क्षेत्र के 1 मीटर के चारों ओर वृक्षारोपण – 860 नग	वर्तमान वृक्षारोपण – 150 नग शेष प्रस्तावित वृक्षारोपण – 710 नग

श्रेणी	बी1	आवेदित खदान को मिलाकर क्षेत्रफल 16.435 हेक्टेयर है।

1. प्रतिबंधित 1 मीटर चौड़ी सीमा पट्टी में उत्खनन किया जाना पर्यावरणीय स्वीकृति की शर्तों का उल्लघंन है। अतः परियोजना प्रस्तावक के विरूद्ध नियमानुसार कार्यवाही किया जाना आवश्यक है।
2. उल्लेखनीय है कि भारत सरकार, पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय, नई दिल्ली द्वारा नॉन कोल माईनिंग प्रोजेक्ट्स हेतु मानक पर्यावरणीय शर्तें जारी की गई है। शर्त क्रमांक VIII (i) के अनुसारः—

   "The Project Proponent shall develop greenbelt in 1m wide safety zone all along the mine lease boundary as per the guidelines of CPCB in order to arrest pollution emanating from mining operations within the lease. The whole green belt shall be developed within first 5 years starting from windward side of the active mining area. The development of greenbelt shall be governed as per the EC granted by the Ministry irrespective of the stipulation made in approved mine plan."

   उक्त मानक शर्त के अनुसार माईन लीज क्षेत्र के अंदर 1 मीटर चौड़े सेफ्टी जोन में वृक्षारोपण किया जाना आवश्यक है।
3. माननीय एन.जी.टी., प्रिंसिपल बेंच, नई दिल्ली द्वारा सत्येंद्र पाण्डेय विरूद्ध भारत सरकार, पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय, नई दिल्ली एवं अन्य (ओरिजनल एप्लिकेशन नं. 186 ऑफ 2016 एवं अन्य) में दिनांक 13/09/2018 को पारित आदेश में मुख्य रुप से निम्नानुसार निर्देशित किया गया है:—

   a) **Providing for EIA, EMP and therefore, Public consultation for all areas from 5 to 25 ha. falling under category B-2 at par with category B-1 by SEAC / SEIAA as well as for cluster situation where ever it is not provided.**

   b) **If a cluster or an individual lease size exceed 5 ha. EIA / EMP be made applicable in the process of grant of prior environment clearance.**

समिति द्वारा विचार विमर्श उपरांत सर्वसम्मति से निम्नानुसार निर्णय लिया गयाः—

1. माईन लीज क्षेत्र के चारों ओर 1 मीटर चौड़े सेफ्टी जोन के कुछ भाग में किये गये उत्खनन के कारण इस क्षेत्र के उपचारी उपायों (Remedial Measures) के संबंध में तथा लीज क्षेत्र के अंदर माईनिंग क्रियाकलापों के कारण उत्पन्न प्रदूषण के नियंत्रण हेतु आवश्यक उपायों यथा वृक्षारोपण आदि के लिये समुचित उपायों बाबत् संचालक, संचालनालय, भौमिकी तथा खनिकर्म, इंद्रावती भवन, नवा रायपुर अटल नगर, जिला – रायपुर (छत्तीसगढ़) को पत्र लेख किया जाए।
2. प्रतिबंधित 1 मीटर चौड़ी सीमा पट्टी में अवैध उत्खनन पाये जाने पर जाँच उपरांत नियमानुसार वैधानिक कार्यवाही किये जाने हेतु संचालक, संचालनालय, भौमिकी तथा खनिकर्म एवं पर्यावरण को क्षति पहुंचाने हेतु छत्तीसगढ़ पर्यावरण संरक्षण मंडल, नवा रायपुर अटल नगर को आवश्यक कार्यवाही किये जाने हेतु लेख किया जाए।
3. समिति द्वारा विचार विमर्श उपरांत सर्वसम्मति से प्रकरण 'बी1' केटेगरी का होने के कारण भारत सरकार, पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय द्वारा अप्रैल, 2015 में प्रकाशित स्टैण्डर्ड टर्म्स ऑफ रिफरेंस (टीओआर) फॉर ई.आई.ए./ई.एम.पी. रिपोर्ट फॉर प्रोजेक्ट्स/एक्टीविटीज रिक्वायरिंग इन्वायरमेंट क्लीयरेंस

अण्डर ई.आई.ए. नोटिफिकेशन, 2006 में वर्णित श्रेणी 1(ए) का स्टैण्डर्ड टीओआर (लोक सुनवाई सहित) नॉन कोल माईनिंग प्रोजेक्ट्स हेतु निम्न अतिरिक्त टीओआर के साथ जारी किये जाने की अनुशंसा की गई:–

i. Project proponent shall inform SEIAA & S.E.A.C. Chhattisgarh before commencement of Baseline Data Generation and start of monitoring work for preparation of EIA Study Report.

ii. Project proponent shall submit the Individual Environment Management Plan and Common Environment Management Plan.

iii. Project proponent shall submit the updated copy of gram panchayat NOC.

iv. Project proponent shall submit the covering letter of quarry plan approval letter.

v. Project proponent shall submit an affidavit for not doing any mining or related activity out side the lease area.

vi. Project proponent shall submit the details of monitoring equipments alongwith its specification. Project proponent shall monitor as per the Methodology issued by MoEF&CC.

vii. Project proponent shall submit an affidavit for commitment to the public (Objections/suggestions raised by public) during Public Hearing.

viii. Project proponent shall submit the NOC from (DFO) forest department mentioning distance between mine lease boundary to forest boundary.

ix. Project proponent shall ensure that mining lease area to be demarcated by erection of boundary pillars at all corner and area to be fenced.

x. Project proponent shall submit an affidavit stating that no harm, no damage and no contamination shall be committed to nearby water bodies.

xi. Project proponent shall undertake plantation during the monsoon & incorporate in the EIA report.

xii. EIA study shall be done at minimum 8 no. of stations for data collection considering the pre-dominant wind direction.

xiii. Project proponent shall submit the copy of panchnama and photographs of every monitoring station.

xiv. Project proponent shall submit a Cumulative Environment Impact Assessment Study (Air, Water, Noise, Soil, Traffic etc) of the mines located in the nearby area and Ecology of the buffer zone of study area and shall incorporate the same in the EIA report.

xv. The project proponent shall submit an undertaking that there is no court case pending relating to this project before any Court of Law in India.

xvi. The project proponent shall submit an undertaking in the form of an affidavit stating that there is no violation of Notification S.O. 804(E) dated 14/03/2017 issued by Ministry of Environment, Forest and Climate Change, Government of India and the direction given by Hon'ble Supreme Court of India in the matter of Common Cause vs Union of India order dated 02.08.2017.

xvii. Project proponent shall submit layout map earmarking 1 meter of mine lease periphery & previously mined out area in safety zone, calculation of mined out area submit restoration plan and do remedial measures for development of greenbelt in 1 meter wide all along the mine lease boundary as per the guideiines of CPCB in order to arrest pollution emanating from mining operations within the lease. Project proponent shall incorporate the remedial measures for mining activity carried out in the past in safety zone.

xviii. Project proponent shall undertake plantation (as far as possible tree bearing species) within the mining lease area as per guidelines issued from time to time and particularly in the 1 meter safety zone area of minimum 05 feet height and shall maintain minimum 90% survival rate. The plantation shall be maintained by project proponent for atleast 5 years. Project proponent shall submit half yearly reports regarding compliance to the Authority. The details to be submitted alongwith Geotag photographs in the EIA report.

xix. Project proponent shall submit the details of plantation undertaken during the current year & shall submit the DPR (Detailed Project Report) of proposed plantation incorporating the plant cost, fertilizer cost, irrigation cost, maintenance cost for atleast 5 years and the details alongwith photographs in the EIA report.

xx. Project proponent shall submit DPR (Detailed Project Report) of CER proposals with details of works alongwith their estimates including land cost and incorporating the plant cost, fertilizer cost, irrigation cost and maintenance cost for atleast 5 years & incorporate in the EIA report.

राज्य स्तरीय पर्यावरण प्रभाव आकलन प्राधिकरण (एस.ई.आई.ए.ए.), छत्तीसगढ़ को तदानुसार सूचित किया जाए।

3. **मेसर्स सोनासिली ब्रिक अर्थक्ले क्वारी (प्रो.– श्रीमती प्रीति शर्मा), ग्राम–सोनासिली, तहसील–राजिम, जिला–गरियाबंद (सचिवालय का नस्ती क्रमांक 2693)**

भारत सरकार के पर्यावरण, वन एवं जलवायु मंत्रालय, नई दिल्ली द्वारा ऑफिस मेमोरेण्डम दिनांक 28/04/2023 जारी किया गया है, जिसके पैरा 4 में निम्न प्रावधान है:–

"The matter has been examined in the Ministry and accordingly it has been decided that all valid ECs issued by DEIAA shall be reappraised through SEAC/SEIAA in compliance to the order of the Hon'ble NGT in O.A.142 of 2022. In view of above, it is hereby directed that all concerned SEACs shall re-appraise the ECs issued by DEIAAs between 15.01.2016 and 13.09.2018 (including both dates) and all fresh ECs in this regard shall be granted only by SEIAAs based on such appraisal. The exercise shall be completed within a time period of one year from the date of issue of this OM. DEIAAs shall transfer all such files where ECs have been granted to concerned SEIAA within a time period of one month from issue of this OM."

उक्त ऑफिस मेमोरेण्डम के तहत् परियोजना प्रस्तावक द्वारा जिला स्तरीय पर्यावरण समाघात निर्धारण प्राधिकरण से जारी पर्यावरणीय स्वीकृति के पुनः अनुशंसा (re-appraisal) हेतु एस.ई.ए.सी., छत्तीसगढ़ के समक्ष ऑनलाईन आवेदन किया गया है।

विषय वस्तु	आवेदित प्रकरण से संबंधित विवरण	समिति द्वारा नोट किया गया कि
ऑनलाईन आवेदन	ई.सी. – 443190 एवं 07/10/2023	
खदान का प्रकार	मिट्टी (गौण खनिज) खदान	संचालित
क्षेत्रफल एवं क्षमता	1.77 हेक्टेयर एवं 3,950 घनमीटर प्रतिवर्ष	39,50,000 नग प्रतिवर्ष
खसरा क्रमांक	138, 140, 141, 144, 145, 155, 157, 158, 159 एवं 160	
भू–स्वामित्व	निजी भूमि खसरा क्रमांक 141 श्री महावीर, खसरा क्रमांक 138 श्री लोकनाथ खसरा क्रमांक – 144 शासकीय भूमि शेष खसरे आवेदक के नाम पर है।	सहमति पत्र प्राप्त। खसरा क्रमांक 138 का बिक्री नामा प्रस्तुत किया गया है, जिसके अनुसार क्रेता श्रीमती प्रीति शर्मा (आवेदक) है।
बैठक का विवरण	503वीं बैठक दिनांक 20/12/2023	प्रस्तुतीकरण हेतु सूचना दिनांक 15/12/2023
प्रस्तुतीकरण हेतु उपस्थित प्रतिनिधि		संजय कुमार शर्मा, अधिकृत प्रतिनिधि उपस्थित हुये। अधिकृत प्रतिनिधि का सहमति पत्र प्रस्तुत किया गया है।
पूर्व में जारी ई.सी.	खदान का प्रकार – मिट्टी खसरा क्रमांक – 138, 140, 141, 144, 145, 155, 157, 158, 159 एवं 160 क्षेत्रफल – 1.77 हेक्टेयर क्षमता – 4,000 घनमीटर/वर्ष दिनांक – 25/10/2016	डी.ई.आ.ई.ए.ए., जिला–गरियाबंद पर्यावरणीय स्वीकृति की वैधता दिनांक 08/11/2041 तक है।
पूर्व में जारी ई.सी. का पालन प्रतिवेदन	स्व–प्रमाणित – हाँ	निर्धारित शर्तानुसार वृक्षारोपण – 400 नग।
विगत वर्षो में किये गये उत्खनन	दिनांक – 30/09/2022 01/01/2017 से 30/06/2017 – 38,81,300 नग 01/07/2017 से 31/12/2017 – निरंक 01/01/2018 से 30/06/2018 – 27,00,000 नग 01/07/2018 से 31/12/2018 – निरंक 01/01/2019 से 30/06/2019 – 17,19,500 नग 01/07/2019 से 31/12/2019 – निरंक 01/01/2020 से 30/06/2020 – 1,50,000 नग 01/07/2020 से 31/12/2020 – निरंक 01/01/2021 से 30/06/2021 – 1,50,000 नग	पूर्व में जारी पर्यावरणीय स्वीकृति में मिट्टी उत्खनन क्षमता घनमीटर प्रतिवर्ष में जारी की गई थी। परियोजना प्रस्तावक द्वारा विगत वर्षो में किये गये उत्खनन की जानकारी नग प्रतिवर्ष में प्रस्तुत की गई है। समिति का मत है कि विगत वर्षो में किये गये उत्खनन की जानकारी घनमीटर प्रतिवर्ष में एवं दिनांक 01/04/2022 से अद्यतन स्थिति तक किये गये उत्खनन की वास्तविक मात्रा की जानकारी खनिज विभाग से प्रमाणित कराकर प्रस्तुत किया जाना आवश्यक है।

	01/07/2021 से 31/12/2021--निरंक 01/01/2022 से 30/03/2022 – 5,95,000 नग	
ग्राम पंचायत एन.ओ.सी.	ग्राम पंचायत सोनासिली दिनांक 15/06/2023	
उत्खनन योजना अनुमोदन	दिनांक 22/12/2022	
500 मीटर	दिनांक 10/08/2023	अन्य खदानों की संख्या निरंक है।
200 मीटर	दिनांक 10/08/2023	200 मीटर की दूरी पर सुखा नदी एवं 500 मीटर पर नाला स्थित है।
लीज डीड	लीज धारक – श्रीमती प्रीती शर्मा अवधि–09/11/2011 से 08/11/2041	
वन विभाग एन.ओ.सी.	वन विभाग का अनापत्ति प्रमाण पत्र प्रस्तुत नहीं किया गया है।	समिति का मत है कि आवेदित खदान से निकटतम वन क्षेत्र की दूरी का उल्लेख करते हुए वन विभाग का अनापत्ति प्रमाण पत्र प्रस्तुत किया जाना आवश्यक है।
महत्वपूर्ण संरचनाओं की दूरी	आबादी – सोनासिली 700 मीटर स्कूल – सोनासिली 900 मीटर अस्पताल – फिंगेश्वर 7.50 कि.मी. राष्ट्रीय राजमार्ग – 9.45 कि.मी. राज्यमार्ग – 3 कि.मी.	सुखा नदी – 80 मीटर मौसमी नाला – 400 मीटर तालाब – 830 मीटर नहर – 1.5 कि.मी.
पारिस्थितिकीय/ जैवविविधता संवेदनशील क्षेत्र	5 कि.मी. की परिधि में अंतर्राज्जीय सीमा, राष्ट्रीय उद्यान, अभयारण्य, केन्द्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड द्वारा घोषित क्रिटिकली पॉल्युटेड एरिया, पारिस्थितिकीय संवेदनशील क्षेत्र या घोषित जैवविविधता क्षेत्र स्थित नहीं है।	
खनन संपदा एवं खनन का विवरण	उत्खनन विधि – ओपन कास्ट मैनुअल **रिर्जव्स –** जियोलॉजिकल 23,375 घनमीटर माईनेबल 21,045 घनमीटर रिकव्हरेबल 20,834 घनमीटर प्रस्तावित गहराई 2 मीटर बेंच की ऊंचाई 1 मीटर बेंच की चौड़ाई 1 मीटर संभावित आयु 6 वर्ष मिट्टी के साथ उपयोग हेतु फ्लाई ऐश का प्रतिशत – 50%	वर्षवार प्रस्तावित उत्खनन (मिट्टी) प्रथम 3,950 घनमीटर द्वितीय 3,950 घनमीटर तृतीय 3,950 घनमीटर चतुर्थ 3,950 घनमीटर पंचम 3,950 घनमीटर
उत्खनन के लिए प्रतिबंधित क्षेत्र	लीज के 1 मीटर चौड़ी सीमा पट्टी का क्षेत्रफल – 740 वर्गमीटर	उत्खनित – नहीं
लीज क्षेत्र के भीतर भठ्ठा स्थापित	हाँ, क्षेत्रफल– 3,200 वर्गमीटर फिक्स चिमनी की न्यूनतम ऊंचाई–35 मीटर	

गैर माईनिंग	क्षेत्रफल – 2,000 वर्गमीटर क्षेत्र छोड़ने का कारण – नंदी से सुरक्षित दूरी हेतु	माईनिंग प्लान में उल्लेख– नहीं 2000 वर्गमीटर (क्वारी पीट–2) क्षेत्र में 2 मीटर की गहराई तक पूर्व में उत्खनन किया जा चूका है। अतः इस क्षेत्र में उत्खनन कार्य नहीं किया जाएगा।
जल आपूर्ति	मात्रा – 9.75 घनमीटर स्त्रोत – भू–जल	सेन्ट्रल ग्राउण्ड वॉटर अथॉरिटी से एन.ओ.सी. प्राप्त है।
वृक्षारोपण कार्य	लीज क्षेत्र के 1 मीटर के चारों ओर वृक्षारोपण – 770 नग वर्तमान वृक्षारोपण – 400 नग शेष प्रस्तावित वृक्षारोपण – 370 नग	प्रस्तावित कार्य हेतु 5 वर्ष की राशि – 10,23,250 रूपये
परियोजना से संबंधित शपथ पत्र	परियोजना प्रस्तावक द्वारा फ्यूजिटिव डस्ट उत्सर्जन नियंत्रण, सघन वृक्षारोपण एवं 90 प्रतिशत जीवन स्तर सुनिश्चित सी.ई. आर. के तहत् प्रस्तावित कार्य एवं संबंधित शाखा से कार्य पूर्ण प्रतिवेदन जिओटैग फोटोग्राफ सहित जानकारी अर्धवार्षिक रिपोर्ट में समाहित करने, छत्तीसगढ़ आदर्श पुनर्वास नीति के तहत् रोजगार, खनिज नियमों के तहत् सीमांकन, प्राकृतिक जल स्त्रोतों के संरक्षण एवं सवर्धन हेतु, भूमि स्वामियों के भूमि से संबंधित समस्त हितों की रक्षा, खदान कार्यालय से उत्पन्न घरेलू अपशिष्टों के निपटान के लिए सेप्टिक टैंक एवं सोक पीट का निर्माण, फ्लाई ऐश के उचित भण्डारण हेतु टिन शेड का निर्माण, खदान में निर्मित कच्ची ईंटों को लीज क्षेत्र के भीतर सुखाने एवं लीज क्षेत्र के बाहर किसी भी प्रकार का खनन तथा ईट निर्माण संबंधी कार्य नहीं किये जाने आदि बाबत् शपथ पत्र (Notarized Undertaking) प्रस्तुत किया गया है।	परियोजना प्रस्तावक द्वारा निम्न शपथ पत्र (Notarized undertaking) प्रस्तुत किये गये है:– 1. हमारे द्वारा भारत सरकार के पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय, नई दिल्ली द्वारा दिनांक 28/04/2023 को जारी ऑफिस मेमोरेण्डम में दिये गये निर्देशों का बिन्दुवार पालन किया जायेगा। 2. परियोजना प्रस्तावक के विरूद्ध इस परियोजना/खदान से संबंधित कोई न्यायालयीन प्रकरण देश के अंतर्गत किसी भी न्यायालय में लंबित नहीं है। 3. परियोजना प्रस्तावक के विरूद्ध भारत सरकार, पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय की अधिसूचना का.आ. 804(अ), दिनांक 14/03/2017 के अंतर्गत कोई उल्लंघन का प्रकरण लंबित नहीं है। 4. माननीय सुप्रीम कोर्ट द्वारा दिनांक 02/08/2017 को Common Cause vs. Union of India Writ Petition (C) 114 of 2014 में दिए गए दिशा निर्देशों का मेरे द्वारा पालन किया जावेगा। 5. माननीय सुप्रीम कोर्ट द्वारा दिनांक 08/08/2017 को writ petition (S) Civil No.114 /2014 common cause vs. Union of India & Ors.

		में दिये गये दिशा निर्देशों का पालन किया जाएगा। 6. विद्यमान चिमनी किल्न को 2 वर्ष के भीतर वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय के अधिसूचना दिनांक 22/02/2022 के परिपेक्ष्य में आवश्यक परिवर्तन कर जिग–जैग पद्धति का उपयोग करते हुये ईट निर्माण किया जाएगा।
श्रेणी	बी–2	आवेदित खदान को मिलाकर कुल क्षेत्रफल 1.77 हेक्टेयर है।

1. **कॉर्पोरेट पर्यावरणीय दायित्व (C.E.R.)** – परियोजना प्रस्तावक द्वारा समिति के समक्ष विस्तार से चर्चा उपरांत निम्नानुसार विस्तृत प्रस्ताव प्रस्तुत किया गया है:–

Capital Investment (in Lakh Rupees)	Percentage of Capital Investment to be Spent	Amount Required for CER Activities (in Lakh Rupees)	Amount Proposed & Details for CER Activities (in Lakh Rupees)	
			Particulars	**CER Fund Allocation (in Lakh Rupees)**
46.93	2%	0.9386	Following activities at, **Village- Sonasilli**	
			Plantation around village pond	1.55
			Total	**1.55**

2. सी.ई.आर. के अंतर्गत तालाब के चारों ओर वृक्षारोपण (आम, कटहल, जामुन आदि) हेतु प्रस्तुत प्रस्ताव अनुसार कुल 140 नग जिसमें से 20 नग वृक्ष पूर्व से तालाब कें चारो ओर अवस्थित है। शेष 120 नग पौधों के लिए राशि 12,000 रूपये, फेंसिंग के लिए राशि 18,000 रूपये, खाद के लिए राशि 9,000 रूपये, सिंचाई तथा रख–रखाव आदि के लिए राशि 20,000 रूपये इस प्रकार प्रथम वर्ष में कुल राशि 59,000 रूपये तथा आगामी 4 वर्ष में कुल राशि 96,000 रूपये हेतु घटकवार व्यय का विवरण प्रस्तुत किया गया है। परियोजना प्रस्तावक द्वारा ग्राम पंचायत सोनासिली के सहमति उपरांत यथायोग्य स्थान (खसरा 745, क्षेत्रफल 0.24 हेक्टेयर) के संबंध में जानकारी प्रस्तुत की गई है।

3. समिति का मत है कि सी.ई.आर. एवं वृक्षारोपण कार्य के मॉनिटरिंग एवं पर्यवेक्षण हेतु त्रि–सदस्यीय समिति (प्रोपराईटर/प्रतिनिधि, ग्राम पंचायत के पदाधिकारी/प्रतिनिधि एवं जिला प्रशासन या छत्तीसगढ़ पर्यावरण संरक्षण मण्डल के पदाधिकारी/प्रतिनिधि) गठित किया जाना आवश्यक है। साथ ही सी.ई.आर. एवं वृक्षारोपण का कार्य पूर्ण किये जाने के उपरांत गठित त्रि–सदस्यीय समिति से सत्यापित कराया जाना आवश्यक है।

4. माननीय एन.जी.टी., प्रिंसिपल बेंच, नई दिल्ली द्वारा सत्येंद्र पाण्डेय विरूद्ध भारत सरकार, पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय, नई दिल्ली एवं अन्य

(ओरिजनल एप्लिकेशन नं. 186 ऑफ 2016 एवं अन्य) में दिनांक 13/09/2018 को पारित आदेश में मुख्य रुप से निम्नानुसार निर्देशित किया गया है:–

a) Providing for EIA, EMP and therefore, Public consultation for all areas from 5 to 25 ha. falling under category B-2 at par with category B-1 by SEAC / SEIAA as well as for cluster situation where ever it is not provided.

b) If a cluster or an individual lease size exceed 5 ha. EIA / EMP be made applicable in the process of grant of prior environment clearance.

समिति द्वारा विचार विमर्श उपरांत सर्वसम्मति से निम्नानुसार निर्णय लिया गया:–

1. आवेदित खदान से निकटतम वन क्षेत्र की दूरी का उल्लेख करते हुए कार्यालय वनमण्डलाधिकारी के अनापत्ति प्रमाण पत्र को एस.ई.आई.ए.ए., छत्तीसगढ़ में आवश्यक रूप से प्रस्तुत करने की शर्त के अधीन पर्यावरणीय स्वीकृति की सशर्त अनुशंसा की जाती है।
2. समिति द्वारा विचार विमर्श उपरांत सर्वसम्मति से आवेदक – मेसर्स सोनासिली ब्रिक अर्थक्ले क्वारी (प्रो.– श्रीमती प्रीति शर्मा), को ग्राम–सोनासिली, तहसील–राजिम, जिला–गरियाबंद के खसरा क्रमांक 138, 140, 141, 144, 145, 155, 157, 158, 159 एवं 160 में मिट्टी (गौण खनिज) खदान, कुल क्षेत्रफल–1.77 हेक्टेयर, उत्खनन क्षमता – 3,950 घनमीटर (39,50,000 नग) प्रतिवर्ष हेतु **परिशिष्ट–01** में वर्णित शर्तों के अधीन पर्यावरणीय स्वीकृति दिए जाने की अनुशंसा की गई।

राज्य स्तरीय पर्यावरण प्रभाव आकलन प्राधिकरण (एस.ई.आई.ए.ए.), छत्तीसगढ़ को तदानुसार सूचित किया जाए।

4. मेसर्स दुलदुला ब्रिक्स अर्थ माईन (प्रो.– श्री दिनेश प्रसाद गुप्ता), ग्राम–दुलदुला, तहसील–दुलदुला, जिला–जशपुर (सचिवालय का नस्ती क्रमांक 2694)

भारत सरकार के पर्यावरण, वन एवं जलवायु मंत्रालय, नई दिल्ली द्वारा ऑफिस मेमोरेण्डम दिनांक 28/04/2023 जारी किया गया है, जिसके पैरा 4 में निम्न प्रावधान है:–

"The matter has been examined in the Ministry and accordingly it has been decided that all valid ECs issued by DEIAA shall be reappraised through SEAC/SEIAA in compliance to the order of the Hon'ble NGT in O.A.142 of 2022. In view of above, it is hereby directed that all concerned SEACs shall re-appraise the ECs issued by DEIAAs between 15.01.2016 and 13.09.2018 (including both dates) and all fresh ECs in this regard shall be granted only by SEIAAs based on such appraisal. The exercise shall be completed within a time period of one year from the date of issue of this OM. DEIAAs shall transfer all such files where ECs have been granted to concerned SEIAA within a time period of one month from issue of this OM."

उक्त ऑफिस मेमोरेण्डम के तहत् परियोजना प्रस्तावक द्वारा जिला स्तरीय पर्यावरण समाघात निर्धारण प्राधिकरण से जारी पर्यावरणीय स्वीकृति के पुनः अनुशंसा (re-appraisal) हेतु एस.ई.ए.सी., छत्तीसगढ़ के समक्ष ऑनलाईन आवेदन किया गया है।

विषय वस्तु	आवेदित प्रकरण से संबंधित विवरण	समिति द्वारा नोट किया गया कि
ऑनलाईन आवेदन	ई.सी. – 447456 एवं 08/10/2023	

खदान का प्रकार	मिट्टी (गौण खनिज) खदान	संचालित
क्षेत्रफल एवं क्षमता	2.255 हेक्टेयर एवं 1,400 घनमीटर प्रतिवर्ष	10,00,000 नग प्रतिवर्ष
खसरा क्रमांक	559/2, 559/7, 559/17, 559/18, 559/19, 559/20, 559/21 एवं 561	
भू-स्वामित्व	निजी भूमि श्री महेश प्रसाद गुप्ता	भूमि स्वामी के सहमति पत्र की प्रति प्रस्तुत किया जाना आवश्यक है।
बैठक का विवरण	503वीं बैठक दिनांक 20/12/2023	प्रस्तुतीकरण हेतु सूचना दिनांक 15/12/2023
प्रस्तुतीकरण हेतु उपस्थित प्रतिनिधि		दिनेश प्रसाद गुप्ता, प्रोपराईटर उपस्थित हुये।
पूर्व में जारी ई.सी.	खदान का प्रकार – मिट्टी खसरा क्रमांक – 559/2, 559/7, 559/17, 559/18, 559/19, 559/20, 559/21 एवं 561 क्षेत्रफल – 2.255 हेक्टेयर क्षमता – 1,400 घनमीटर/वर्ष एवं 10,00,000 नग/वर्ष दिनांक – 21/02/2017	डी.ई.आई.ए.ए., जिला-जशपुर पर्यावरणीय स्वीकृति की वैधता दिनांक 09/12/2040 तक है।
पूर्व में जारी ई.सी. का पालन प्रतिवेदन	स्व-प्रमाणित – हाँ	निर्धारित शर्तानुसार 300 नग वृक्षारोपण किया गया है।
विगत वर्षों में किये गये उत्खनन	दिनांक – 18/10/2022 वर्ष 2017 – 1,190 घनमीटर वर्ष 2018 – 1,280 घनमीटर वर्ष 2019 – 520 घनमीटर वर्ष 2020 – 100 घनमीटर वर्ष 2021 – 600 घनमीटर 03/2022 – 440 घनमीटर	समिति का मत है कि दिनांक 01/04/2022 से किये गये मिट्टी उत्खनन की प्रमाणित जानकारी अद्यतन स्थिति में खनिज विभाग से प्राप्त कर प्रस्तुत किया जाना आवश्यक है।
ग्राम पंचायत एन.ओ.सी.	ग्राम पंचायत दुलदुला दिनांक 12/07/2022	
उत्खनन योजना अनुमोदन	दिनांक 04/12/2020	
500 मीटर	दिनांक 21/09/2021	अन्य खदानों की संख्या निरंक है।
200 मीटर	दिनांक 21/09/2021	30 मीटर में पक्की सड़क है।
लीज डीड	लीज धारक – श्री दिनेश प्रसाद गुप्ता अवधि-10/12/2010 से 09/12/2040	पूर्व में लीज श्री महेश प्रसाद गुप्ता के नाम पर थी।
वन विभाग एन.ओ.सी.	वनमण्डलाधिकारी, जशपुर वनमण्डल जशपुर द्वारा जारी ज्ञापन दिनांक 27/11/2010 के प्रस्तुत अनापत्ति प्रमाण पत्र अनुसार आवेदित क्षेत्र वन क्षेत्र के अंर्तगत नहीं आता है।	समिति का मत है कि आवेदित खदान से निकटतम वन क्षेत्र की दूरी का उल्लेख करते हुए कार्यालय वनमण्डलाधिकारी के अनापत्ति प्रमाण पत्र प्रस्तुत किया जाना आवश्यक है।
महत्वपूर्ण संरचनाओं की दूरी	आबादी – दुलदुला 2 कि.मी. स्कूल – दुलदुला 2 कि.मी. अस्पताल – दुलदुला 2 कि.मी.	सिरी नदी – 510 मीटर

	राष्ट्रीय राजमार्ग – 4.2 कि.मी. राज्यमार्ग – 20 कि.मी.	
पारिस्थितिकीय / जैवविविधता संवेदनशील क्षेत्र	5 कि.मी. की परिधि में अंतर्राज्जीय सीमा, राष्ट्रीय उद्यान, अभयारण्य, केन्द्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड द्वारा घोषित क्रिटिकली पॉल्युटेड एरिया, पारिस्थितिकीय संवेदनशील क्षेत्र या घोषित जैवविविधता क्षेत्र स्थित नहीं है।	
खनन संपदा एवं खनन का विवरण	उत्खनन विधि – ओपन कास्ट मैनुअल **रिर्जव्स –** जियोलॉजिकल 45,100 घनमीटर माईनेबल 27,581 घनमीटर प्रस्तावित गहराई 2 मीटर बेंच की ऊंचाई 1.5 मीटर बेंच की चौड़ाई 1.5 मीटर संभावित आयु 20 वर्ष मिट्टी के साथ उपयोग हेतु फ्लाई ऐश का प्रतिशत – 30%	वर्षवार प्रस्तावित उत्खनन प्रथम 1,400 घनमीटर द्वितीय 1,400 घनमीटर तृतीय 1,400 घनमीटर चतुर्थ 1,400 घनमीटर पंचम 1,400 घनमीटर
उत्खनन के लिए प्रतिबंधित क्षेत्र	लीज के 1 मीटर चौड़ी सीमा पट्टी का क्षेत्रफल – 1,021 वर्गमीटर	उत्खनित – नहीं
लीज क्षेत्र के भीतर भठ्ठा स्थापित	हाँ, क्षेत्रफल – 2,140 वर्गमीटर फिक्स चिमनी की न्यूनतम ऊंचाई – 30 मीटर	
गैर माईनिंग	क्षेत्रफल – 101 वर्गमीटर क्षेत्र छोड़ने का कारण – वॉटर रिजर्वायर के लिए	माईनिंग प्लान में उल्लेख– हाँ
जल आपूर्ति	मात्रा – 2 घनमीटर स्त्रोत – बोरवेल	सेन्ट्रल ग्राउण्ड अथॉरिटी से एन.ओ.सी. प्राप्त है।।
वृक्षारोपण कार्य	लीज क्षेत्र के 1 मीटर के चारों ओर वृक्षारोपण – 150 नग किया जाना है।	प्रस्तावित कार्य हेतु 5 वर्ष की राशि – 10,91,750
श्रेणी	बी–2	आवेदित खदान को मिलाकर कुल क्षेत्रफल 2.255 हेक्टेयर है।

1. **कॉर्पोरेट पर्यावरणीय दायित्व (C.E.R.)** – परियोजना प्रस्तावक द्वारा समिति के समक्ष विस्तार से चर्चा उपरांत निम्नानुसार विस्तृत प्रस्ताव प्रस्तुत किया गया है:–

Capital Investment (in Lakh Rupees)	Percentage of Capital Investment to be Spent	Amount Required for CER Activities (in Lakh Rupees)	Amount Proposed & Details for CER Activities (in Lakh Rupees)	
			Particulars	CER Fund Allocation (in Lakh Rupees)
36	2%	0.72	Following activities at nearby Niniyatala Govt. Primary School Village-Duldula	

			Rain Water Harvesting	0.60
			Plantation work in School	0.13
			Total	**0.73**

2. सी.ई.आर. के अंतर्गत निनियातला शासकीय प्राथमिक शाला, ग्राम–दुलदुला में रेन वॉटर हार्वेस्टिंग तथा वृक्षारोपण का प्रस्ताव प्रस्तुत किया गया है। साथ ही प्रस्तावित स्कूल के प्राचार्य (Principal) का सहमति पत्र प्रस्तुत किया गया है। समिति का मत है कि शाला परिसर के भीतर किये जाने वाले वृक्षारोपण को प्रथम वर्ष में ही पूर्ण किये जाने तथा आगामी 4 वर्षों में वृक्षारोपण (90 प्रतिशत की जीवन दर से) हेतु पौधों, फेंसिंग, खाद एवं सिंचाई तथा रख–रखाव के लिए 5 वर्षों का घटकवार एवं समयवार व्यय का विवरण विस्तृत प्रस्ताव सहित प्रस्तुत किया जाना आवश्यक है।

समिति द्वारा विचार विमर्श उपरांत सर्वसम्मति से निम्नानुसार निर्णय लिया गया:–

1. उत्खनन हेतु भू–स्वामी के सहमति पत्र की प्रति प्रस्तुत किया जाए।
2. दिनांक 01/04/2022 से किये गये मिट्टी उत्खनन की प्रमाणित जानकारी अद्यतन स्थिति में खनिज विभाग से प्राप्त कर प्रस्तुत किया जाए।
3. आवेदित खदान से निकटतम वन क्षेत्र की दूरी का उल्लेख करते हुए कार्यालय वनमण्डलाधिकारी के अनापत्ति प्रमाण पत्र प्रस्तुत किया जाए।
4. सी.ई.आर. के अंतर्गत शाला परिसर के भीतर किये जाने वाले वृक्षारोपण को प्रथम वर्ष में ही पूर्ण किये जाने तथा आगामी 4 वर्षों में वृक्षारोपण (90 प्रतिशत की जीवन दर से) हेतु पौधों, फेंसिंग, खाद एवं सिंचाई तथा रख–रखाव के लिए 5 वर्षों का घटकवार एवं समयवार व्यय का विवरण विस्तृत प्रस्ताव सहित प्रस्तुत किया जाए।
5. परियोजना से संबंधित खदान में निर्मित कच्ची ईंटों को लीज के भीतर सुखाने एवं क्षेत्र के बाहर किसी भी प्रकार का खनन तथा ईंट संबंधी कार्य नहीं किये जाने बाबत् शपथ पत्र (Notarized undertaking) प्रस्तुत किया जाए।
6. छत्तीसगढ़ आदर्श पुनर्वास नीति के तहत् स्थानीय लोगों को रोजगार दिये जाने हेतु शपथ पत्र (Notarized undertaking) प्रस्तुत किया जाए।
7. परियोजना प्रस्तावक द्वारा खनिज नियमों के तहत् बाउण्ड्री पिल्लर्स द्वारा सीमाकंन का कार्य सुनिश्चित किये जाने बाबत् शपथ पत्र (Notarized undertaking) प्रस्तुत किया जाए।
8. परियोजना प्रस्तावक द्वारा इस आशय का अंडरटेकिंग (Undertaking) प्रस्तुत किया जाए कि उनके विरूद्ध इस खदान से संबंधित कोई न्यायालयीन प्रकरण देश के अंतर्गत किसी भी न्यायालय में लंबित नहीं है।
9. परियोजना प्रस्तावक द्वारा इस आशय का नोटरी से सत्यापित अंडरटेकिंग (Undertaking) प्रस्तुत किया जाए कि उसके विरूद्ध भारत सरकार, पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय की अधिसूचना का.आ. 804(अ), दिनांक 14/03/2017 के अंतर्गत कोई उल्लंघन का प्रकरण लंबित नहीं है।
10. माननीय सुप्रीम कोर्ट द्वारा दिनांक 02/08/2017 को common cause vs. Union of India writ petition (C) 114 of 214 में दिये गये निर्देश का पालन किया जावेगा। इस बाबत् अंडरटेकिंग (Undertaking) प्रस्तुत किया जाए।

11. माननीय सुप्रीम कोर्ट द्वारा दिनांक 08/01/2020 को writ petition (S) Civil No.114 /2014 common cause vs. Union of India & Ors. में दिये गये दिशा निर्देशों का पालन किया जाएगा। इस बाबत् अंडरटेकिंग (Undertaking) प्रस्तुत किया जाए।

उपरोक्त वांछित जानकारी/दस्तावेज प्राप्त होने उपरांत आगामी कार्यवाही की जाएगी।

परियोजना प्रस्तावक को तदानुसार सूचित किया जाए।

5. मेसर्स शेर ब्रिक अर्थक्ले क्वारी (प्रो.– श्रीमती प्रीति शर्मा), ग्राम–शेर, तहसील व जिला–महासमुंद (सचिवालय का नस्ती क्रमांक 2696)

भारत सरकार के पर्यावरण, वन एवं जलवायु मंत्रालय, नई दिल्ली द्वारा ऑफिस मेमोरेण्डम दिनांक 28/04/2023 जारी किया गया है, जिसके पैरा 4 में निम्न प्रावधान है:–

"The matter has been examined in the Ministry and accordingly it has been decided that all valid ECs issued by DEIAA shall be reappraised through SEAC/SEIAA in compliance to the order of the Hon'ble NGT in O.A.142 of 2022. In view of above, it is hereby directed that all concerned SEACs shall re-appraise the ECs issued by DEIAAs between 15.01.2016 and 13.09.2018 (including both dates) and all fresh ECs in this regard shall be granted only by SEIAAs based on such appraisal. The exercise shall be completed within a time period of one year from the date of issue of this OM. DEIAAs shall transfer all such files where ECs have been granted to concerned SEIAA within a time period of one month from issue of this OM."

उक्त ऑफिस मेमोरेण्डम के तहत् परियोजना प्रस्तावक द्वारा जिला स्तरीय पर्यावरण समाघात निर्धारण प्राधिकरण से जारी पर्यावरणीय स्वीकृति के पुनः अनुशंसा (re-appraisal) हेतु एस.ई.ए.सी., छत्तीसगढ़ के समक्ष ऑनलाईन आवेदन किया गया है।

विषय वस्तु	आवेदित प्रकरण से संबंधित विवरण	समिति द्वारा नोट किया गया कि
ऑनलाईन आवेदन	ई.सी. – 447517 एवं 09/10/2023	
खदान का प्रकार	मिट्टी (गौण खनिज) खदान	संचालित
क्षेत्रफल एवं क्षमता	2.48 हेक्टेयर एवं 4,800 घनमीटर (40,00,000 नग ईट) प्रतिवर्ष	
खसरा क्रमांक	2150/1, 2150/2, 2150/3, 2151, 2152, 2153, 2160, 2188, 2189, 2190, 2194, 2198, 2199, 2200, 2201, 2202, 2203, 2204 एवं 2207	
भू–स्वामित्व	निजी भूमि खसरा क्रमांक 2153 श्री भूषण कुमार मोहन, श्रीमती अमरीका एवं श्री मानसिंह, खसरा क्रमांक 2152 श्री भारत, खसरा क्रमांक 2151 श्री बिसेलाल, खसरा क्रमांक 2150/1, 2150/2, 2150/3 श्री महावीर, खसरा क्रमांक 2160, 2188, 2189, 2190,	सहमति पत्र प्राप्त

	2194, 2198, 2199, 2200, 2201, 2202, 2203, 2204 एवं 2207 श्री संजय शर्मा के नाम पर है।	
बैठक का विवरण	503वीं बैठक दिनांक 20/12/2023	प्रस्तुतीकरण हेतु सूचना दिनांक 15/12/2023
प्रस्तुतीकरण हेतु उपस्थित प्रतिनिधि		श्री संजय शर्मा, अधिकृत प्रतिनिधि उपस्थित हुये। अधिकृत प्रतिनिधि का सहमति पत्र प्रस्तुत किया गया है।
पूर्व में जारी ई.सी.	खदान का प्रकार – मिट्टी (गौण खनिज) खदान खसरा क्रमांक – 2150/1, 2150/2, 2150/3, 2151, 2152, 2153, 2160, 2188, 2189, 2190, 2194, 2198, 2199, 2200, 2201, 2202, 2203, 2204 एवं 2207 क्षेत्रफल – 2.48 हेक्टेयर क्षमता – 4,800 घनमीटर/वर्ष दिनांक – 22/11/2016	डी.ई.आई.ए.ए., जिला – महासमुंद पर्यावरणीय स्वीकृति की वैधता दिनांक 24/10/2034 तक है।
पूर्व में जारी ई.सी. का पालन प्रतिवेदन	स्व–प्रमाणित – हाँ	निर्धारित शर्तानुसार 500 नग वृक्षारोपण किया गया है।
